Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 4 | भारत में कृषि के प्रकार

**QUIZ PART-01**

1. **भारत की कितनी जनसंख्या कृषि कार्यों में संलग्न है?**
   A. एक-तिहाई
   B. आधी
   C. दो-तिहाई
   D. तीन-चौथाई (C)

*व्याख्या :* भारत में दो-तिहाई जनसंख्या कृषि कार्यों में संलग्न है।

2. **प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि में किस प्रकार के औजारों का उपयोग किया जाता है?**
   A. ट्रैक्टर और हार्वेस्टर
   B. लकड़ी के हल और खुदाई की छड़ी
   C. आधुनिक मशीनरी
   D. सिंचाई उपकरण (B)

*व्याख्या :* इस कृषि में लकड़ी के हल, डाओ और खुदाई करने वाली छड़ी जैसे आदिम औजारों का प्रयोग होता है।

3. **'बेबर' और 'दहिया' नाम किस प्रकार की कृषि से संबंधित हैं?**
   A. गहन कृषि
   B. बागान कृषि
   C. प्रारंभिक जीविका कृषि
   D. व्यावसायिक कृषि (C)

*व्याख्या :* ये नाम प्रारंभिक जीविका कृषि के क्षेत्रीय नाम हैं, जैसे मध्य प्रदेश में 'बेबर'।

4. **गहन जीविका कृषि की विशेषता क्या है?**
   A. कम श्रम की आवश्यकता
   B. कम उत्पादन
   C. अधिक श्रम और सिंचाई पर आधारित
   D. सिर्फ एक फसल का उत्पादन (C)

*व्याख्या :* यह श्रम-गहन खेती है और इसमें सिंचाई तथा जैव-रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता है।

5. **किस प्रकार की कृषि में भूमि पर अत्यधिक जनसंख्या दबाव होता है?**
   A. बागान कृषि
   B. गहन जीविका कृषि
   C. प्रारंभिक जीविका कृषि
   D. व्यावसायिक कृषि (B)

*व्याख्या :* गहन जीविका कृषि उन्हीं क्षेत्रों में होती है जहाँ भूमि पर अधिक जनसंख्या दबाव होता है।

6. **व्यावसायिक कृषि की प्रमुख विशेषता क्या है?**
   A. कम उत्पादन
   B. आदिम औजारों का उपयोग
   C. आधुनिक निवेशों की अधिक मात्रा
   D. पारंपरिक बीजों का प्रयोग (C)

*व्याख्या :* इसमें HYV बीज, रासायनिक उर्वरक, और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग होता है।

7. **बागान कृषि में प्रमुख फसलें कौन-सी होती हैं?**
   A. गेहूं और चावल
   B. चाय, कॉफी, रबर
   C. मूंगफली और कपास
   D. मक्का और बाजरा (B)

*व्याख्या :* बागान कृषि में चाय, कॉफी, रबर, केला, और गन्ना जैसी फसलें उगाई जाती हैं।

8. **भारत में 'कुमारी' नाम किस प्रकार की खेती को दर्शाता है?**
   A. व्यावसायिक कृषि
   B. गहन जीविका कृषि
   C. प्रारंभिक जीविका कृषि
   D. रोपण कृषि (C)

*व्याख्या :* कुमारी, पश्चिमी घाट में प्रारंभिक जीविका कृषि का एक स्थानीय नाम है।

9. **रोपण कृषि में उत्पादन का प्रयोग किस रुप में होता है?**
   A. घरेलू उपभोग
   B. सीधा निर्यात
   C. कच्चे माल के रूप में उद्योगों में
   D. केवल भंडारण के लिए (C)

*व्याख्या :* रोपण कृषि का सारा उत्पादन विभिन्न उद्योगों में कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होता है।

10. **किस प्रकार की कृषि उद्योग और कृषि के बीच संपर्क स्थापित करती है?**
    A. गहन जीविका कृषि
    B. प्रारंभिक कृषि
    C. रोपण कृषि
    D. जैविक कृषि (C)

*व्याख्या :* रोपण कृषि उद्योग और कृषि के बीच एक अंतरापृष्ठ बनाती है।

DESH KA APNA SCHOOL